






# दो दिन की राहत के बाद शाम से ही छाया सड़कों पर घना कोहरा

## न्यूनतम तापमान में फिर आई गिरावट, शाम से चलती रही ठंड हवाएं, शहर में जल रहे अलाव

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, तीन दिन तक घने कोहरे से राहत मिलने के बाद एक बार फिर ठंड और कोहरे ने जोर पकड़ लिया है. गुरूवार की शाम से ही कोहरे का धुंध छाने लगा था और देर रात तक कोहरे की चादर से सड़के ढक गई साथ ही शाम से ही ठंड हवाएं तेज गति से चल रही थी जिसके कारण गलन भरी ठंड बढ़ गई. अन्य दिनो के अपेक्षा तापमान में गिरावट आई है.**



न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से लुढ़क कर 6 डिग्री पहुंच गया तो वही अधिकतम तापमान भी दिन का 24.6 डिग्री रहा. दो दिन तक ठंड से राहत थी लेकिन गुरूवार से मौसम फिर से बदल गया. दिन भर भले ही धूप थी लेकिन शाम 4 बजे के बाद से अचानक ठंड हवाएं शुरू हो गई. जिसके कारण गलन भरी ठंड बढ़ गई.11 दिसम्बर के बाद से 16 दिसम्बर को तापमान सबसे नीचे 5.5 डिग्री पर आया था उसके बाद तापमान में उछाल आया, साथ ही ठंड से राहत मिली. लगा कि ठंड अब कई दिनो तक कम रहेगी पर शाम से अचानक मौसम बदल गया. मौसम विभाग की माने तो अभी न्यूनतम तापमान में गिरावट आने के साथ जिला शीत लहर की चपेट में रहेगा और हाड़ कपाने वाली ठंड पड़ेगी. जनवरी में ठंड का असर ज्यादा रहता है. मकर संक्रांति के बाद धीरे-धीरे ठंड का असर कम होता है पर अभी ठंड जारी रहेगी.

### 6 कि .मी प्रति घंटे की गति से चल रही हवाएं

गुरूवार को अचानक शाम से ठंड बढ़ गई है दिन भर अच्छी खासी धूप रही लेकिन शाम 4 बजे से गलन भरी ठंड बढ़ गई और तेज हवाएं चलती रही . अन्य दिनो के अपेक्षा गुरूवार को 6 किलो मीटर प्रति घंटे के रफ्तार से हवाएं चलती रही . शाम ढ़लते ही कोहरे का धुंध छा गया . देर रात तक ठंड हवाएं चलती रही, जिसके कारण रात में ठंड का असर और तेज हो गया . बुधवार को हवा की गति 4 किलो मीटर प्रति घंटे की थी और दूसरे दिन बढ़ गई .

### रात में अलाव ठंड से बचने का सहारा

कड़ाके की ठंड के बीच शहर में नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है ताकि लोगो को ठंड से राहत मिल सके . दो दिन राहत मिलने के बाद एक बार फिर से ठंड बढ़ गई है . शुरुआत में 8 स्थल से शुरू हुई अलाव व्यवस्था वर्तमान में शहर के 17 प्रमुख सार्वजनिक स्थलों किया जा रहा है . जैसे साईं मंदिर परिसर, मनकामेश्वर मंदिर के पास, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, संजय गांधी अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार, ओपीडी, सुपर स्पेशलिटी, नीम चैराहा, गुलबसिया चैक, दीनदयाल आश्रय स्थल के बाहर, अटल आश्रय स्थल के बाहर, निपनिया चैराहा सहित अन्य प्रमुख भीड़भाड़ वाली जगहों पर प्रतिदिन रात के समय अलाव जलाए जा रहे हैं .




# नव वर्ष पर पर्यटकों के लिए मुकुंदपुर जू प्रबंधन ने की विशेष तैयारियां

## टिकट के रहेंगे 8 काउंटर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, वर्ष 2025 की विदाई और नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू, मुकुंदपुर पूरी तरह तैयार है. पर्यटकों की भीड़ की संभावना को देखते हुए जू प्रबंधन ने इस बार विशेष इंतजाम किए हैं.**

आमतौर पर प्रत्येक बुधवार को मुकुंदपुर जू का साप्ताहिक अवकाश रहता है. लेकिन इस बार 31 दिसंबर और एक जनवरी 2026 को पर्यटकों की सुविधा के लिए जू को खुला रखने का निर्णय लिया गया है. जू प्रबंधन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने और पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं. संचालक व्हाइट टाइगर सफारी ने बताया कि पर्यटकों को टिकट के लिए लंबी कतारों से बचने के लिए 8 काउंटर संचालित किए जाएंगे. वाहनों के लिए 4 अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं. जू के कर्मचारियों के अलावा सतना और रीवा वनमण्डल से भी अतिरिक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन, चिकित्सा दल और फायर ब्रिगेड की टीमें भी मुस्तैद रहेंगी. संचालक द्वारा पर्यटकों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है. उन्होंने अपील की है कि सभी पर्यटक एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय दें और जू प्रबंधन का सहयोग करें. उन्होंने बताया कि व्हाइट टाइगर सफारी में नशीले पदार्थ, तम्बाकू, गुटखा, सिगरेट, ज्वलनशील सामग्री और हथियार ले जाना सख्त मना है. पर्यटक जानवरों को परेशान न करें और न ही उन्हें बाहरी खाद्य सामग्री खिलाएं. जू के अंदर शोर न मचाने, निर्धारित रास्तों का ही उपयोग करे. अपने सामान की सुरक्षा और बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है.

# अस्थाई कनेक्शन न लेने पर विद्युत विभाग कर रहा कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, बिजली चोरी रोकने के लिये ग्रामीण क्षेत्रो में लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है.**

इस समय सिंचाई के लिये किसान पम्प लगा रहे है और कनेक्शन नही ले रहे है. पूर्व संभाग अर्न्तगत कई जगह कार्यवाही की गई. विद्युत विभाग रीवा के अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला एवं पूर्व संभाग के डीई सुशील यादव ने अपील की है कि कृषि कार्य हेतु सिंचाई के लिए पंप में विद्युत का उपयोग करने के पूर्व विद्युत कार्यालय से विधिवत अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करना सुनिश्चित करें. अन्यथा अवैध रूप से कनेक्शन पाए जाने पर विजिलेंस एवं विभागीय टीम के द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चालू है, जिसके तहत विद्युत अधिनियम की धारा 135 के बिजली चोरी प्रकरण तैयार कर कार्रवाई की जाएगी. विद्युत उपभोक्ता जिनका बिजली का बिल बकाया है, समाधान योजना का लाभ लेकर बिजली बिल जमा करना सुनिश्चित करें , समाधान योजना मे 31 दिसंबर तक सरचार्ज में 100% छूट है. बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी लगातार क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से संपर्क कर लंबित बकाया बिलों के भुगतान के हेतु राशि जमा करने हेतु नोटिस के माध्यम से भी सूचित किया जा चुका है. बड़े विद्युत बकायदाओं की विद्युत कनेक्शन को विच्छेद करने की की कार्रवाई की जाएगी, इस लिए कनेक्शन लेने के साथ बिल जमा करे.

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश तिवारी का निधन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी का गुरूवार की शाम निधन हो गया.**



निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता एवं शुभ चिंतक उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की. श्री तिवारी पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे. शाम को अंतिम सांस ली. कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी और जिला कांग्रेस कमेटी के विभिन्न पदो पर रहे है. अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जायेगा.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 19 दिसम्बर को रीवा आएंगे . उप मुख्यमंत्री 18 दिसम्बर को भोपाल से रात 10 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 19 दिसम्बर को सुबह 8 बजे रीवा पहुंचेंगे . उप मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे पशु चिकित्सा महाविद्यालय रीवा पहुंचकर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करेंगे . उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम करेंगे .



### प्रकाश बने सपा के नगर अध्यक्ष

**रीवा,** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 मनोज यादव ने जुझारू मिलनसार एवं सक्रिय कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी को रीवा शहर का अध्यक्ष नियुक्त किया है . प्रकाश तिवारी पूर्व में यूजन सभा के अध्यक्ष रह चुके है एवं जनता कालेज रीवा के भी अध्यक्ष रह चुके है . अपनी नियुक्ति पर प्रकाश तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेशाध्यक्ष डॉ0 मनोज यादव, प्रदेश महासचिव दिनेश पाण्डेय, प्रदेश महासचिव अजय शुक्ला एवं प्रदेश महासचिव रामप्रताप यादव, जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया है . उन्होने कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है मैं पार्टी के प्रति वफादार रहूँगा एवं संगठन को आगे बढ़ाने में सतत योगदान करता रहूँगा .

### परामर्श शिविर में दी गई जानकारी

**रीवा,** जवा विकासखण्ड परिसर में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत एक वृहद् जागरूकता एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया . शिविर में रामबाग, सितलहा, पनवार सहित विभिन्न सेक्टरों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं अपने-अपने आंगनवाड़ी केन्द्रों की किशोरी बालिकाओं एवं योजना की महिला हितग्राहियों के साथ उपस्थित रहीं . कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी, सामाजिक एवं संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी गई तथा किशोरी बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया . शिविर में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वूमेन हेल्पलाइन 181, शी-बॉक्स पोर्टल, वन स्टॉप सेंटर, गुड टच-बैड टच, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सहायता सेवाओं के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई . कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के निर्देशन में किया गया . कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुश्री गरिमा मिश्रा, विकासखण्ड समन्वयक सिरमौर, जवा, रीवा, परियोजना अधिकारी सरिता सिंह एवं संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षकों की उपस्थिति रही .



### सीईओ जिला पंचायत ने खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**रीवा,** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान दो धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया . श्री गुर्जर ने उपार्जन केन्द्र गुढ़ क्रमांक एक तथा गेरूई का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया . श्री गुर्जर ने निरीक्षण करते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित मात्रा में धान लें . खरीदी केन्द्र में पर्याप्त तौलकांटे की व्यवस्था करें जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो . जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम गेरूई खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं . समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि किसानों से उपार्जित धान को व्यवस्थित स्टैगिंग कराकर रखें . उपार्जित धान का समय पर परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं . धान लेते समय गुणवत्ता की निगरानी अवश्य करें .



पेंशन दिवस पर सम्मानित किये गये वरिष्ठ पेंशनर

# कैडेट्स अंतरात्मा की आवाज़ सुनकर जीवन के लक्ष्य निर्धारित करें : जनरल कुशवाह

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, सैनिक स्कूल रीवा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता2025-26 के उदघाटन समारोह का आयोजन एथलेटिक ग्राउंड पर सैनिक स्कूल रीवा के पुरा छात्र लेफ्टिनेंट जनरल डी एस कुशवाह अति विशिष्ट सेवा मैडल, सेवा मैडलके मुख्य आथित्य में किया गया.**



मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्हें देश का भविष्य एवं भावी नेतृत्वकर्ता बताया. उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन को स्मरण करते हुए कैडेट्स के साथ अपने अनुभव साझा किए तथा उन्हें रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर उन्होंने कैडेट्स से अपनी अंतरात्मा की आवाज़ सुनकर जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने एवं अच्छे नैतिक मूल्यों को आत्मसात कर एक जिम्मेदार व आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया. इसके उपरान्त कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा ने धन्यवाद ज्ञापन किया. इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने समस्त शिक्षकों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कैडेट्स के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाने हेतु निरंतर मार्गदर्शन देने का आह्वान किया. इस अवसर पर स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य, डॉ आर एस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे.

# पेंशनरों के लिये कार्यालय का दरवाजा हमेशा खुला है : जामोद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, पेंशन दिवस के अवसर पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा स्थानीय कोठी कंपाउंड स्थित कार्यालय में सभा का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद थे. सभा को संबोधित करते हुए कमिश्नर ने कहा कि आप सभी ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष शासन और समाज की सेवा में समर्पित किए हैं, इसलिए आपका सम्मान और सुलभ जीवन हमारी प्राथमिकता है. पेंशनरों को किसी भी कार्य या प्रक्रिया में असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है. आपको कभी भी किसी भी प्रकार की समस्या या कठिनाई महसूस होती है, तो आप बेझिझक मुझसे संपर्क कर सकते हैं. कार्यालय के दरवाजे आपके लिए हमेशा खुले हैं. हम आपकी हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेंगे. इससे पहले समारोह की शुरुआत में एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी ने मुख्य अतिथि श्री जामोद और संभागीय पेंशन अधिकारी श्री पैकरा का शाल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया.

### 80 वर्ष वाले पेंशनरों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित किया गया . सम्मानित होने वालों में पूर्व प्रान्तीय महामंत्री के .बी . सिंह सहित कुल 53 सदस्य शामिल रहे . अंत में वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया . इस अवसर पर आर .एन . पयासी, देवीचरण शर्मा, शिरीश पाण्डेय, करदम्ब ऋषि, पीसी गुप्ता, शम्भू प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र पाण्डेय, पीपी पाण्डेय और के .बी . सिंह सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए .

# ग्रामीण विकास योजनाओं की जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला प्रबंधक एनआरएलएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, उपस्थित रहे. बैठक में एक बगिया माँ के नाम योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले की प्रगति प्रदेश स्तर पर 34वें स्थान पर है, जबकि 21 नवम्बर 2025 को जिला 22वें स्थान पर था. लक्ष्य 900 कार्यों के विरुद्ध मात्र 852 कार्य स्वीकृत किए गए हैं. सबसे कम प्रगति जनपद पंचायत गंगेव (86) एवं रीवा (89) की पाई गई.

# संत का कार्य ज्ञान व संस्कार देना है ना की धार्मिक उन्माद फैलाना : गुरमीत सिंह

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, महामंडलेश्वर अखिलेश्वर दास महाराज द्वारा राष्ट्रपिता बापू जी बारे में दिए गए बयान सहित उच्च शिक्षा के मंदिर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 13 वे दीक्षांत समारोह दौरान दिए गए उन्माद पूर्ण विचार पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने घोर निंदा की है.**



मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि जो संत ज्ञान व संस्कार देने के बजाय समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने का काम करे वो महामंडलेश्वर नहीं गोडसे का समर्थक मात्र है. कांग्रेस नेता ने विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में गोडसे विचारधारा के महामंडलेश्वर को बुलाने पर विश्वविद्यालय के कुलगुरू व कुल सचिव सहित कार्यक्रम के आयोजकों की सोच पर आपत्ति दर्ज कराया व कहा कि विंध्यकी जनता से कुलगुरू को सार्वजनिक रूप से से माफी मांगनी चाहिए. कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने आगे कहा कि भारत की धरती में वाल्मीक जी भी थे जो अपने आचरण को बदलकर राम भक्त हो गए और रामायण की रचना कर महर्षि बन गए वही, महामंडलेश्वर अखिलेश्वर दास जी राम जी के आदर्श को भूलकर गोडसे का आचरण अपना कर संत होने को ही कलंकित कर दिया. उन्होंने आगे यह भी कहा कि महामंडलेश्वर ने एक ऐसे महान संत के बारे में टिप्पणी की जिन्हें देश ही नहीं बल्कि विश्व संत व बापू के रूप में मानते व पूजते हैं. संत की ऐसी भाषा समाज के लिए घातक है. ऐसे उन्माद विचारधारा के संतों का तिरस्कार सभी को करना चाहिए तभी देश में अमन चयन कायम रह पाएगा. इस दौरान श्रीप्रकाश तोमर, अनिल मिश्रा मौजूद रहे.

### सम्मान समारोह 21 को

**रीवा, 18 दिसम्बर,** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई रीवा द्वारा वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का सम्मेलन, मेधावी छात्रों एव विशिष्टजनों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसम्बर को स्थानीय वृन्दावन गार्डेन रीवा में प्रातः 11.00 बजे से सांयकाल 5.00 बजे तक आयोजित किया है. इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंकप्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों, 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों तथा जिले में निवासरत वैश्य घटक दलों के अध्यक्षों का सम्मान किया जावेगा.

# पेट्रोल पंप में कर्मचारी से गन प्वाइंट में लूट

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, रीवा शहर के रिंगरोड में स्थित पेट्रोल पंप में बदमाशों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. यहां बाइक में सवार होकर पेट्रोल भरवाने पहुंचे बदमाशों ने कर्मचारी से गन पॉइंट में लेकर लूट की है.**

घटना शहर के समान थाना क्षेत्र के सिलपरा बायपास स्थित गर्ग पेट्रोल पंप में हुई है, जहां बाइक से पहुंचे दो बदमाशों ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों को गन पॉइंट में लेकर उससे नदी रुपए लूट कर फरार हो गए. घटना के संबंध में पेट्रोल पंप के संचालक सुनील गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि सिलपरा बाईपास स्थित गर्ग फिलिंग स्टेशन में बाइक सवार बदमाशों ने रजनीश यादव नामक कर्मचारी के साथ कट्टे की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है. पेट्रोल पंप संचालक के मुताबिक वारदात से पहले वर्ना कार में सवार होकर आए युवकों ने पहले मामूली सी बात को लेकर कर्मचारियों के साथ गाली गलौज की, फिर कार सवारों के जाने के बाद बाइक में सवार होकर आए दो युवकों द्वारा घटना स्थल की रेकी की गई और फिर कुछ ही देर बाद पेट्रोल भराने के बहाने बाइक से पहुंचे बदमाशों ने कट्टे की नोक पर कर्मचारी से 40 से 45 रुपए नगद छीनकर फरार हो गए. बता दे कि पेट्रोल पंप में हुई लूट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें बदमाश कट्टा दिखाते हुए साफ नजर आ रहे हैं. फिलहाल मामले की शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है, पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों की पहचान करने में लगी है.

# फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन पर ननि सख्त, 31 मैरिज गार्डन/बारात घर को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 दिसम्बर, फायर सेफ्टी नियमो का उल्लंघन करने पर नगर निगम ने 31 मैरिज गार्डन को नोटिस थमाया है.**

दरअसल मैरिज गार्डन में आगजनी की घटना से निपटने के लिये फायर सिस्टम की व्यवस्था नही की गई और न ही फायर सेफ्टी नियमों का पालन किया जा रहा है. गांधी मेमोरियल अस्पताल में आग लगने के बाद नगर निगम की नींद खुली है और नोटिस की कार्यवाही शुरू की गई है. नगर निगम रीवा द्वारा शहर में संचालित मैरिज गार्डन, विवाह घरों में फायर सेफ्टी प्लान/ सर्टिफिकेट नहीं होने पर सख्त रुख अपनाया गया है. नगर निगम के फायर शाखा द्वारा कुल 31 मैरिज गार्डन एवं बारात घरों को नोटिस जारी करते हुए नियमानुसार फायर सेफ्टी प्लान एवं सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं.

जारी नोटिस अनुसार संबंधित गार्डन संचालकों द्वारा नगर पालिका पोर्टल पर फायर सेफ्टी प्लान/ सर्टिफिकेट हेतु ऑनलाइन आवेदन नहीं किया गया है. मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम एवं नेशनल बिल्डिंग कोड के प्रावधानों के तहत सभी मैरिज गार्डन में अग्निशमन यंत्र, प्रशिक्षित कर्मचारी एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं अनिवार्य हैं.

नोटिस जारी किए गए प्रमुख गार्डनों में मिलन वाटिका, पंचम पैलेस, वृज वाटिका, पुष्पांजलि गार्डन, साधुश्री गार्डन एवं वृंदावन गार्डन सहित अन्य मैरिज गार्डन शामिल हैं. जिन्हे नोटिस दी गई है